महत्वपूर्ण/समयबद्ध
संख्या–1705/81–2–2019–800(64)/2016

प्रेषक,

आशीष तिवारी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी
उ0प्र0, लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 26 अगस्त, 2019

विषय– वेलस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0 द्वारा ग्राम–ददरी खुर्द तहसील–सदर, जनपद–मीरजापुर में प्रस्तावित 1320 मेगावाट ताप विद्युत गृह की स्थापना हेतु जलापूर्ति बाबत भूमिगत वाटर पाइपलाईन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0–1674/81–2–2019–800(64)/2016, दिनांक 26.07.2019 एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के पत्रांक–149/11–सी–एफपी/यूपी/थर्मल/14236/2016, दिनांक 19.07.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर एवं जिलाधिकारी, मीरजापुर द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्याओं में अंकित है कि ग्राम–ददरी खुर्द, जनपद–मीरजापुर में विज्ञप्ति सं0–617, दिनांक 11.10.1952 द्वारा 1643 एकड़ भूमि विज्ञापित हुई एवं कालान्तर में धारा–20 के अंतर्गत वर्ष 1977 में 262.16 एकड़ भूमि विज्ञापित हुई। अवशेष 1380.84 एकड़ भूमि के संबंध में अभिलेखों की विधिवत् जांच कर प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर एवं जिलाधिकारी, मीरजापुर से शासनादेश दिनांक 26.06.2019 के द्वारा निर्धारित की गयी प्रक्रियानुसार परीक्षण आख्या प्राप्त किया जाय ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मै0 वेलस्पन द्वारा क्रय की गयी भूमि 834.60 एकड़ में वन भूमि निहित तो नहीं है ?

कृपया उपरोक्तानुसार विस्तृत आख्या/टिप्पणी अपनी संस्तुति सहित शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आशीष तिवारी)
विशेष सचिव

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 398/11–सी–FP/UP/Thermal/14236/2015, लखनऊ, दिनांक: अगस्त 27 ,2019

P:\DATA\D.K.P.

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, भू–अभिलेख एवं वनबंदोबस्त, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि विषयगत प्रकरण में शासन द्वारा वांछित बिन्दुवार सूचना/सुस्पष्ट आख्या अभिलेखों सहित मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को प्रेषित करते हुये इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को उपरोक्त पत्र इस आशय से प्रेषित कि विषयगत प्रकरण में शासन द्वारा वांछित बिन्दुवार सूचना/सुस्पष्ट आख्या अभिलेखों एवं संस्तुति सहित तीन प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर को उपरोक्त पत्र इस आशय से प्रेषित कि विषयगत प्रकरण में शासन द्वारा वांछित बिन्दुवार सूचना/सुस्पष्ट आख्या अभिलेखों एवं संस्तुति सहित इस कार्यालय को मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से तीन प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– अधिकृत प्रतिनिधि, वेलस्पन एनर्जी, यू0पी0 प्रा0लि0, मिर्जापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अग्रेषित
पत्रांक 990 /फा0/33 दिनांक, अगस्त, 29, 2019
प्रतिलिपि पू0क0 मं0 मीरजापुर को सादर/सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
(प्रशासनिक अधिकारी)
कार्यालय मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र
मीरजापुर

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र मीरजापुर